nt>

Title: Need to take steps to make Chambal River pollution free at Kota and Keshavrai Patan, Rajasthan.

श्री रघुवीर सिंह कौशल (कोटा) : सभापति जी, कोटा राजस्थान का एक महत्वपूर्ण नगर है। यहां चम्बल नदी प्रवाहित है किंतु कोटा से केशवराय पाटन तक इस नदी में प्रदूाण हो रहा है। केशवराय पाटन तीर्थ स्थान है जहां मेले लगते हैं और लोग चम्बल नदी में स्नान करते हैं। प्रदूाण के कारण इसका महत्व कम होता जा रहा है। केन्द्र सरकार ने कोटा से केशवराय पाटन तक राट्रीय नदी संरक्षण योजना के अन्तर्गत चम्बल नदी को प्रदूाण से मुक्त करने के लिए 12 करोड़ 44 लाख रुपये स्वीकृत किये हैं। प्रथम फेज में शौचालय, घाट विकास और शवदाह के लिये क्रमश: 63.85 लाख व 15.74 लाख रुपये जनवरी-2000 में स्वीकृत कर दिये हैं किंतु राज्य सरकार के डी.पी.आर. प्रस्तुत नहीं करने के कारण यह कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। चम्बल नदी का कोटा से केशवराय पाटन तक प्रदूाण से मुक्त होना सामाजिक, धार्मिक व स्वास्थ्य की दृटि से परमावश्यक है। मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि राज्य सरकार से डी.पी.आर. शीघ्र प्रस्तुत कर कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दें।